हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

हाँसी रोड़, भिवानी–127021

Website : bseh.org.in E-mail : adew@bseh.org.in Ph : 01664-244171-244176, Extension.-384

क्रमांक : 1079 /शैक्षिक **महत्त्वपूर्ण सूचना** दिनांक : 02.08.2021

विषयः–डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2016–18, 2017–19, 2018–20, 2019–21 प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष के विद्यालय इण्टर्नशिप कार्यक्रम की विशेष अवसर की अनुमति बारे।

सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2016–18, 2017–19, 2018–20, 2019–21 तक के छात्र अध्यापक जिनका प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष दोनों का परीक्षा परिणाम उतीर्ण है तथा विद्यालय इण्टर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण न होने के कारण डिप्लोमा जारी नहीं किया गया है, ऐसे छात्र अध्यापकों को विद्यालय इण्टर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण करने हेतु एक विशेष अवसर प्रदान करने बारे विचार किया जा रहा है।

ऐसे छात्र अध्यापक 5000/–रूपये शुल्क सहित तथा संस्था के माध्यम से अग्रेषण पत्र में कारण दर्शाते हुए, जिस जिले के संस्थान (Teacher Education Institute/DIET) में अध्ययनरत हैं, उसी जिले में नजदीकी 05–05 राजकीय मिडल स्कूल की ऑप्सन (Option) भरवाकर दिनांक 04.08.2021 तक ऑफलाईन फार्म बोर्ड कार्यालय के 87 नं0. कमरे में दस्ती जमा करवा सकते हैं। इस बारे में सभी TEI व DIET को भी पत्र के माध्यम से पहले ही सूचित किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त प्रवेश वर्ष 2016–18 के द्वितीय वर्ष व प्रथम वर्ष 2019–21 के छात्र अध्यापकों को डाईट द्वारा जो विद्यालय आबंटन किया गया था उन विद्यालयों में SIP पूर्ण करने की बजाय उन्होने अपनी मर्जी से अन्य विद्यालयों में SIP पूर्ण की है, उनकी SIP बोर्ड द्वारा मान्य नहीं है। ऐसे छात्र अध्यापक भी SIP पूर्ण करने के लिए पात्र हैं लेकिन ऐसे छात्र अध्यापकों को भी दिनांक 04.08.2021 तक उपरोक्त अनुसार प्रार्थना पत्र देने होंगे।

प्रवेश वर्ष 2019–21 द्वितीय वर्ष Phase-II(A) का विद्यालय इण्टर्नशिप कार्यक्रम वार्षिक कैलेण्डर अनुसार शेष 03 सप्ताह का दिनांक 23.08.2021 से 12.09.2021 तक करवाया जाना था तथा लिखित परीक्षाएं दिनांक 02.08.2021 से 21.08.2021 तक संचालित करवाई जानी थी लेकिन अब लिखित परीक्षाएं दिनांक 19.08.2021 से आरम्भ होकर दिनांक 28.08.2021 तक संचालित करवाई जाएंगी। उक्त परीक्षाओं की तिथि में परिवर्तन होने के कारण प्रवेश वर्ष 2019–21 द्वितीय वर्ष Phase-II(A) की शेष बची 03 सप्ताह की SIP (विद्यालय इण्टर्नशिप कार्यक्रम) सितम्बर माह में पूर्ण करवाई जाएगी। प्रवेश वर्ष 2019–21 द्वितीय वर्ष की 09 सप्ताह की SIP के अंक एक साथ ही भेजे जाने हैं।

सहायक सचिव (शैक्षिक)